रिपोर्ट

[1 Pl 3/48 UP NCC COY]

कारगिल विजय दिवस पर जागरूकता हेतु साइकिल रैली एवं विचार गोष्ठी का आयोजन

"शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले, वतन पर मरने वालों का यही बाकी निशां होगा। अदम्य साहस और शौर्य के द्वारा अपने प्राणों की आहुति देकर देश की सुरक्षा हेतु तत्परता ही भारतीय सेना की अद्वितीय पहचान है।" उक्त कथन श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा की प्राचार्य डॉ वंदना सारस्वत ने महाविद्यालय एनसीसी इकाई द्वारा कारगिल विजय दिवस 26.07.2019 के अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी में कहते हुए एनसीसी कैडेटों को साइकिल रैली हेतु झंडी दिखाकर रवाना किया।

महाविद्यालय एनसीसी इकाई के कंपनी कमांडर मेजर डॉ के एन पाण्डेय ने कैडेटों को संबोधित करते हुए कहा कि कारगिल का युद्ध भारतीय सेना के साहस तथा सेना के तीनों अंग भारतीय थल सेना, वायु सेना व नौ सेना के आपसी तालमेल व सामंजस्य को दर्शाता है, जिसमें ऑपरेशन विजय, ऑपरेशन सफेद सागर व ऑपरेशन तलवार के द्वारा दुश्मन का सफाया किया गया।

महाविद्यालय के मुख्य नियंता डॉ जितेंद्र सिंह ने जम्मू कश्मीर के द्रास सेक्टर में बने कारगिल वार मेमोरियल का जिक्र करते हुए शहीदों के बलिदान को याद दिलाया तथा कैडेटों का जागरूकता रैली हेतु उत्साहवर्धन करते हुए भारतीय सशस्त्र सेनाओं में भर्ती हेतु प्रयासरत कैडेटो को प्रोत्साहित किया।

यह साइकिल रैली श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा से अंबेडकर चौराहा होते हुए स्टेशन रोड से श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज, रेलवे कॉलोनी गोंडा में पहुंचकर समाप्त हुई। श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज, रेलवे कॉलोनी गोंडा एनसीसी इकाई के कंपनी कमांडर कैप्टन राजेश द्विवेदी ने रैली का स्वागत किया तथा जलपान व्यवस्था संपन्न कराई।

इस अवसर पर डॉ रंजन शर्मा, डॉ शिव शरण शुक्ल, डॉ शैलेंद्र नाथ मिश्र, डॉ जय शंकर तिवारी, अमित कुमार शुक्ल, तथा एनसीसी कैडेटों में अंजली वर्मा, शिवानी सिंह, वंदना, प्रिया सिंह, रूबी मौर्या, साधना भारती, उग्रसेन सिंह, तनवीर आलम,जितेंद्र ओझा, सुजीत शुक्ल, पवन, सूरज, लखन माथुर, रवि यादव, इंद्रेश कुमार आदि कैडेट उपस्थित रहे।

---मेजर (डॉ) के एन पाण्डेय

कम्पनी कमाण्डर

राष्ट्रीय कैडेट कोर
REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA

NCC

SHRI LAL BAHADUR SHASTRI DEGREE COLLEGE GONDA
IQAC

ATTESTED

Principal
Shri Lal Bahadur Shastri Degree College
Gonda

Principal
Shri Lal Bahadur Shastri Degree College
Gonda